कक्षा - पहली                विषय - हिन्दी

पुस्तक - कनक हिन्दी पाठमाला        दिनांक [illegible]

उप विषय - **अं ( ं ) की मात्रा**        टीचर - सुमन शर्मा

सुप्रभात बच्चो !

यह कार्य कक्षा पहली, विषय - हिन्दी, पाठ्य पुस्तक - कनक हिन्दी पाठमाला, पाठ नं० 12 अं ( ं ) की मात्रा, पेज नं० 52 से लिया गया है। इस कार्य का लिखित सार आपको 27.1.25 को भेज दिया जाएगा। यह आवाज़ आपकी हिन्दी टीचर 'सुमन शर्मा' की है। बच्चो ! आज हम 'अं ( ं ) से अंगूर की मात्रा' के विषय में पढ़ेंगे। आइए, सबसे पहले इसका उच्चारण करना सीखते हैं। बच्चों, आप सबसे पहले देखेंगे कि 'अं' कैसे लिखा जाता है - ये देखिए -

अं

आइए अब इसका उच्चारण करना सीखते हैं -

**अं - अं - अं - अं** अब मैं आपको इसके चिह्न के बारे में बताती हूँ। ये है - अं ( ं ) की मात्रा का चिह्न। आइए, अब मैं आपको व्यंजनों के साथ मात्रा जोड़कर पढ़ने का अभ्यास करवाती हूँ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क + | ं | = कं | अ + | ं | = अं |
| ख + | ं | = खं | क्ष + | ं | = क्षं |
| ग + | ं | = गं | प + | ं | = पं |
| च + | ं | = चं | स + | ं | = सं |

कक्षा - पहली                                    विषय - हिन्दी

पुस्तक - कनक हिन्दी पाठमाला

उपविषय - **अं ( ं ) की मात्रा**        टीचर : सुमन शर्मा

बच्चो, अब पाँच मिनट का ब्रेक लेते हैं। ब्रेक में आप अन्य व्यंजनों के साथ अं ( ं ) की मात्रा को जोड़ने का अभ्यास करेंगे।

बच्चो, ब्रेक का समय समाप्त हो गया है। चलिए, अब आगे पढ़ना शुरू करते हैं। अब हम कुछ और शब्द पढ़कर ' अं ( ं ) की मात्रा ' की ध्वनि को समझते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| पं + ख | = पंख | पं + खा | = पंखा |
| शं + ख | = शंख | झं + डा | = झंडा |
| तं + गा | = तंगा | ठं + डा | = ठंडा |
| हं + स | = हंस | डं + डा | = डंडा |
| रं + ग | = रंग | अं + डा | = अंडा |
| जं + गा | = जंगा | गं + गा | = गंगा |

आइए, अब आपकी पुस्तक कनक हिन्दी पाठमाला में में पेज नं० 53 पर दिए गए अं ( ं ) की मात्रा के शब्द पढ़ते हैं।

कक्षा - पहली विषय - हिन्दी

पुस्तक - कनक हिन्दी पाठमाला

उपविषय - अं ( ं ) की मात्रा टीचर : सुमन शर्मा

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| डंक | झंडा | दंगल | अंगूर | अंदर |
| पंख | डंडा | जंगल | लंगूर | बंदर |
| शंख | ठंडा | चंचल | सिंदूर | मंदिर |
| तंग | अंडा | मंगल | सुंदर | चंदर |

तिरंगा

बेरंगा

गंगा

दंगा

पढ़िए -

मंदिर के बाहर झंडा लगा है।

मयंक, पंकज ने संतरे खाए।

जंगल में मंगल हो गया।

पुजारी ने शंख बजाया।

बच्चो, आशा है कि अब आपको ( ं ) की मात्रा तथा उसकी ध्वनि अच्छे से समझ आ गई होगी। अब आप इस मात्रा की घर पर अच्छे से दोहराई करेंगे। अभ्यास पुस्तिका 'पढ़ो व लिखो स्वर' में अं ( ं ) की मात्रा के शब्दों को लिखने का अभ्यास करेंगे।


कक्षा - पहली . विषय - हिन्दी

पुस्तक - कनक हिन्दी पाठमाला

उपविषय - **अँ ( ं ) की मात्रा** टीचर - सुमन शर्मा


## ☆ गृहकार्य


नीचे दिए चित्रों को देखकर उनका नाम लिखो -:
(नोट बुक में लिखो)

1.  पंख

2.  शंख

3.  घंटी


4.  कंघी


5.  पंखा


6.  डंडा

7.  अंगूर

8.  बंदर

9.  कंगन

10.  संतरा

11.  पतंग

(Last Page)

* खाली स्थान भरो –

(गंगा, मैच, लौट, सैनिक, नौकर, कोयल, लोमड़ी)

1) सैनिक गाड़ी में बैठकर गया।

2) मौसी का नौकर कचौड़ी लाया।

3) लोमड़ी ने बाजा बजाया।

4) मंयक घर वापस लौट आया।

5) गंगा का पानी साफ़ है।

6) कैलाश तैराकी का मैच देखने गया।

7) कोयल की बोली मीठी है।